झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांक :— रा0खा0आ0 (विविध) —04 / 2023 – 252

प्रेषक,

**संजय कुमार**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः— 24/09/2025

विषयः— **जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा वितरण किये गये अनाज के लंबित कमिशन की राशि भुगतान से संबंधित अनुरोध पत्र के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है श्री ज्ञानदेव झा, राँची जिला अध्यक्ष, फेयर प्राईस डीलर एसोसिएशन का अनुरोध पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। श्री झा द्वारा राज्य के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा NFSA, JSFSS एवं PMMVY के तहत् वितरित किये गये अनाज के लंबित कमिशन की राशि का भुगतान कराने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त से संबंधित प्राप्त अनुरोध पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

**अनु0—यथोक्त।**

विश्वासभाजन

24/9/25

**(संजय कुमार)**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

F:\Dropbox Files\Anju\Vinod Sir.docx1120

सहयोग सम्पर्क
निबंधन संख्या : 273/2011 NCT नई दिल्ली, भारत
# फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन
राँची - जिला, झारखण्ड-834002

अध्यक्ष
ज्ञानदेव झा
9431357941

कार्यकारी अध्यक्ष
सुर्य प्रताप
7857039237

महामंत्री
जितेन्द्र कुमार राय
9431303933

पत्रांक : FPSD - 149 दिनांक : 08.9.25

सेवा में,

अध्यक्ष महोदय,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग,
झारखण्ड, राँची।

विषय :– **पूजा पर्व को देखते हुए राज्य के 25000 पी0डी0एस0 दुकानदारों का PMGKAY+NFSA+JSFSS योजना के तहद वितरण किये गए अनाज पर लंबित कमिशन की राशि खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग से भुगतान करवाने के संबंध में।**

महाशय,

झारखण्ड राज्य सरकार खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग राज्य में दो योजना के माध्यम से राज्य के लगभग 80 लाख परिवारों तक हम लगभग 25000 पी0डी0एस0 दुकानदारों के माध्यम से अपनी योजना को घर–घर पहुँचाने का काम करती है। हम काम तो कर रहे हैं, पर हमारा कमिशन राशि का भुगतान नहीं हो रहा है।

(1) वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 और 2022–23 में संचालित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत, झारखण्ड राज्य के लगभग 25000 दुकानदारों द्वारा 60 लाख कार्डधारी के बीच अनाज वितरण करवाया गया था, वितरण किये गए अनाज का कमीशन 2023 वर्ष में 80 प्रतिशत दुकानदारों का भुगतान विभाग ने किया, 20 प्रतिशत दुकानदारों का भूगतान 13 माह का किस कारण से रोक कर रखी हुई पता नहीं, 80 प्रतिशत दुकानदारों की कमीशन कि राशि का भुगतान विभाग कर दी है तो 20 प्रतिशत दुकानदारों का भी भुगतान करवाया जाय। एक ही पावलेशी पर दो रंग का कार्य नहीं होना चाहिए।

(2) NFSA (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) योजना के तहत लाल, पिला कार्ड पर राज्य के 25000 पी0डी0एस0 दुकानदारों द्वारा अनाज वितरण किया गया, जिसका कमीशन कि राशि सितम्बर 2024 से अगस्त 2025 माह कुल 12 महिने से सप्लाई

विभाग हम दुकानदारों को नहीं दी है, इतने दिनों का भुगतान कब देगी, नहीं देगी, देरी होने का कारण क्या है, जबकि काम हम दुकानदारों से लिया जा रहा है, तो कमीशन राशि का भुगतान क्यों नहीं हो रहा है।

(3) J.S.F.S.S. (झारखण्ड राज्य खाद्ध सुरक्षा योजना) के तहत Green कार्डधारी के उपभोक्ता के बीच विभाग ने हम 25000 दुकानदारों से चनादाल, नमक, चावल मुफ्त में वितरण करवाया, उस वितरण किये गए अनाज का कमीशन कि राशि हम दुकानदार को जनवरी 2024 से अगस्त 2025 माह तक कुल 20 महिने से नहीं दी है।

(4) NFSA (राष्ट्रीय खाद्ध सुरक्षा अधिनियम) योजना के तहत मार्च 2023 माह 01 महिने का कमिशन राशि का भुगतान राज्य के 25000 दुकानदारों का रोककर रखा गया है। क्यों रोक कर रखा गया है, विभाग को बताना चाहिये।

(5) राज्य सरकार हर दो सालों में महंगाई पर समीक्षा करती है, हम पी0डी0एस0 दुकानदारों को जो कमीशन दिया जाता है उसका भी समीक्षा करते हुए हमारे कमीशन को 1.50 पैसा प्रति किलो से बढ़ाकर 3 रू0 प्रति किलो करवा दिया जाय।

हम पी0डी0एस0 परिवारों का घर खर्चा राज्य सरकार के द्वारा दिया जा रहा कमिशन राशि से ही चलता है, इतने दिनों से कमीशन राशि नहीं मिलने से हम दुकानदारों का क्या हाल हो सकता है, आयोग के अध्यक्ष महोदय खुद अंदाजा लगा सकते है। हमारे दर्द को अपना दर्द समझते हुए अतिशीघ्र भुगतान की प्रक्रिया को करवाने का कृपा प्रदान कर हम पी0डी0एस0 परिवारों पर मेहरबानी करने का कृपा प्रदान करें, इस कार्य हेतु हम पी0डी0एस0 परिवार आपका सदा आभारी रहेगें।

सधन्यवाद।

Ahmad

R-K-Shaw
Amit Kr Gupta
Arun Kr Sao
Pr om Anand Chaudhary

Suraj Prasad
आर्यकारी अध्यक्ष

भवदीय.

8/9/25

(ज्ञानदेव झा)
राँची जिला अध्यक्ष

अध्यक्ष
राँची जिला
फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसियेसन